DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI SATURDAY, JANUARY 24, 2026 -----------DATED---------------------

# DDA to hold weekly public hearings for prompt redressal of grievances

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** To strengthen its public grievance redressal system and make services more citizen-friendly, Delhi Development Authority (DDA) decided to introduce a weekly public hearing at the offices of site engineers.

The initiative aims to encourage direct interaction between residents and officials, particularly to address concerns related to the physical handover of flats, maintenance issues, and general upkeep and security problems in DDA housing pockets across the city.

Under this arrangement, Site engineers in charge of DDA housing pockets will hold hearings every Wednesday, 2:30 pm to 4:30 pm. "Engineers will maintain proper records of attendees and issues raised, resolving all grievances in a time-bound manner," said a circular from the deputy director, housing (coordination).

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 24 जनवरी, 2026

NAME OF NEWSPAPERS---- हिन्दुस्तान -DA नई दिल्ली शनिवार 24 जनवरी 2026

## डीडीए ग्रीन एक्सपो 14-15 फरवरी को

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण की ओर से डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 का आयोजन 14 और 15 फरवरी को किया जाएगा। सराय काले खां स्थित बांसेरा पार्क में होने वाले एक्सपो में दिल्ली को पर्यावरणीय ढांचे के तहत तैयार करने के संबंध में भविष्य की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा होगी। आयोजन में डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी, पर्यावरण के विशेषज्ञ, बुनियादी ढांचे से जुड़े वक्ता व विशेषज्ञ, वरिष्ठ इंजीनियर व कई विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। अधिकारियों के अनुसार डीडीए ग्रीन एक्सपो दिल्ली के शहरी भविष्य की पुनर्कल्पना करने के लिए विचारों, नवाचार और क्रियान्वयन को एक साथ लाएगा।

## डीडीए टावरिंग हाइट्स के फ्लैटों की बुकिंग शुरू

डीडीए की टावरिंग हाइट्स कड़कड़डूमा हाउसिंग स्कीम 2026 की शुक्रवार से बुकिंग शुरू हो गई। इसमें फ्लैट खरीदार टू बीएचके के 741 फ्लैटों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बुक कर सकते हैं। अधिक जानकारी वेबसाइट eservices.dda.org.in पर प्राप्त कर सकते हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 24 जनवरी 2026 ---DATED---

# हर बुधवार को दोपहर में होगी DDA फ्लैट्स को लेकर जनसुनवाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**DDA** फ्लैट्स की समस्याओं के हल के लिए जनसुनवाई का नया सिस्टम शुरू किया जा रहा है। DDA हाउसिंग डिप्टी डायरेक्टर चिन्मय चक्रवर्ती ने इस बारे में सर्कुलर जारी किया है। जिसके मुताबिक यह जनसुनवाई साइट इंजिनियर करेंगे। वह लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उन्हें दूर करेंगे। इस जनसुनवाई में खासतौर से फ्लैट्स की हैडलिंग, मेंटिनेंस, हाउसिंग पॉकिट से जुडे.मुद्दे जैसे सिक्युरिटी आदि की सुनवाई होगी। DDA फ्लैट्स के विभिन्न पॉकिट के इंचार्ज और साइट इंजिनियर इसमें रहेंगे। हर हफ्ते बुधवार को दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक जनसुनवाई होगी।

**साइट इंजिनियर समस्याएं सुनेंगे और दूर करेंगे**

यह भी निर्देश दिया गया है कि साइट इंजिनियर और विभिन्न पॉकिट के इंचार्ज इस पब्लिक हियरिंग में रखे गए मुद्दों और इनमें शामिल होने वाले लोगों का पूरा रेकॉर्ड मेंटिन करेंगे। जनसुनवाई में रखी गई लोगों की समस्याओं का साइट इंजिनियर समयबद्ध तरीके से समाधान करेंगे। अपने सभी जोन के चीफ इंजिनियरों को यह व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए कहा गया है। DDA ने हाउसिंग गतिविधियां 1967 से शुरू की थी। तब से अब तक यह 50 से अधिक हाउसिंग स्कीम उतार चुका है। DDA की 2022 तक 240 से अधिक RWA है। पुराने फ्लैट्स होने की वजह से लोगों को यहां अक्सर इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि की परेशानियां आती है।

**2:30 से 4:30 बजे तक** हर बुधवार को समस्याओं के समाधान के लिए होगी जनसुनवाई

**240** से अधिक RWA के तहत आने वाले फ्लैट्स की सुरक्षा और मेंटिनेंस संबंधी मुद्दों का समाधान।

**50** से अधिक हाउसिंग स्कीमों के निवासियों के लिए साइट इंजीनियरों से मदद की होगी व्यवस्था।

1967 से चल रही **DDA** हाउसिंग गतिविधियों के पुराने इंफ्रास्ट्रक्चर की समस्याओं का होगा निपटारा।



NBT Lens खबरों के अंदर की बात

## क्यों पड़ी ज़रूरत

बीते कुछ साल मे आरडब्ल्यूए सबसे अधिक शिकायते मेंटिनेंस आदि पर कर रही है। लोग डीडीए के मिकैनिज्म से भी परेशान है। लोकल स्तर पर सुनवाई नही होने की वजह से लोगों को हेडक्वॉर्टर के चक्कर लगाने पड़ते है। हालाकि डीडीए ने अपनी हर आरडब्ल्यूए के साथ लिंक ऑफिसर को जोड़ा हुआ है। आरडब्ल्यूए से कहा जाता है कि वह लिंक ऑफिस से अपनी समस्याए बता सकती है, लेकिन इसके बावजूद लोगो की शिकायतो का समाधान नही होता।

## समस्याओं को लेकर क्या कहती हैं RWA

**DDA** ऐसा डिपार्टमेंट है, जहा लोगो की सुनवाई नही होती। **RWA** को बिलकुल नही सुना जाता है। पानी की पाइपलाइन मे लीकेज आदि की शिकायत करते है, लेकिन कुछ नही होता। *-बी. एस. बोहरा, अध्यक्ष, ईस्ट दिल्ली RWA जॉइंट फ्रंट*



**DDA** पॉकेट्स का हाल बहुत खराब है। लोग समस्याओ को लेकर शिकायते करते रहते है, लेकिन यह एक अधिकारी से दूसरे के पास घूमती रहती है। समस्याएं सुनने के साथ उन्हे हल करना भी जरूरी है। *-रमेश मुमुक्षु, द्वारका सेक्टर-16बी*



बिल्डिंग स्ट्रक्चर से लेकर सीवेज और पार्किंग के इंतजाम काफी कम हो गए है। जरूरते बदल चुकी है। लोगो ने जरूरत के हिसाब से फ्लैट्स मे बदलाव कर लिए है। इन्हे कंट्रोल करने की जरूरत है। *-सुमित, गोल्फ लिंक रेजिडेंसी अपार्टमेंट*



DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--- SUNDAY TIMES OF INDIA, NEW DELHI
JANUARY 25, 2026 ---DATED---

# Two-day expo at Baansera to focus on sustainability

Vibha.Sharma
@timesofindia.com

**New Delhi:** Delhi Development Authority (DDA) will host its first-ever DDA Green Expo 2026 at Baansera on Feb 14 and 15, placing sustainability and ecological restoration at the centre of Delhi's future urban planning agenda.

The event, themed "Beyond Growth: Reimagining Delhi's Urban Future," marks a shift from expansion-led development to a model centred on climate resilience, environmental balance, and citizen well-being. According to DDA, the expo comes at a time when the capital is grappling with mounting ecological pressures and an urgent need to align growth with environmental responsibility.

Sharing details of the event on X, lieutenant governor VK Saxena said Delhi's challenges linked to air quality, water systems and shrinking green spaces call for innovative planning approaches. He said the expo would serve as a platform to engage with ideas, technologies and solutions that integrate nature into everyday urban life. The LG invited citizens, policymakers, innovators and students to take part in shaping a more liveable Delhi.

Key sessions will focus on nature-based solutions, water-sensitive urban planning, agritech innovations and landscape restoration. "The expo aims to prepare policies and plans keeping these factors in mind," an official said, adding it will feature talks, presentations, among others.

# DDA offers 1.7k flats in Narela & Siraspur

Vibha.Sharma@timesofindia.com

**New Delhi:** Delhi Development Authority (DDA) on Friday launched the Nagrik Awas Yojana 2026, offering over 1,712 flats across HIG, MIG, LIG and EWS categories in Narela and Siraspur, with a uniform 25% discount on all units.

The new scheme, however, immediately triggered discontent among applicants of DDA's Karamyogi Awas Yojana, launched on Dec 19 exclusively for govt employees and also offering a 25% discount.

Applicants under the Karamyogi scheme alleged that the prices of flats under the Nagrik Awas Yojana were nearly Rs 10 lakh lower than those offered to them, despite the flats being located in the same areas with identical sizes and similar specifications. They said the difference placed govt employees at a financial disadvantage.

Under the Karamyogi scheme, 1,168 flats were offered in Pocket 9, Sector A1–A4, Narela, including 320 one-BHK, 576 two-BHK and 272 three-BHK units.

Responding to the allegations, DDA officials said the flats under the Nagrik Awas Yojana were at least three years old. "In comparison, the flats under the Karamyogi scheme are newly constructed. Buyers under the Nagrik scheme are being given the benefit of depreciation," an official said, adding that construction costs of the newer flats were higher.

An assistant professor from Delhi University, who booked a flat under the Karamyogi scheme, said nearly 80% of the units were already booked, with applicants paying Rs 4 lakh for MIG and Rs 10 lakh for HIG flats as booking amounts.

"On Jan 23, DDA launched another scheme—Nagrik Awas Yojana 2026—offering HIG, MIG, LIG and EWS flats in the same area at a lower price for the general public, again with a 25% discount. This caused distress among govt employees," he said, calling the price gap unfair.

He claimed that 38 allottees had submitted a joint petition to the lieutenant governor and senior DDA officials. "Given a choice, we would have opted for the new scheme. The age of construction hardly matters when the location and specifications are the same," he said.

Under the Nagrik Awas Yojana 2026, DDA is offering 1,712 flats — 298 HIG, 459 MIG, 481 LIG and 63 EWS units in Narela, and 411 LIG flats in Siraspur. Registrations opened on Jan 24. Booking amounts have been fixed at Rs 10 lakh for HIG flats, Rs 4 lakh for MIG, Rs 1 lakh for LIG and Rs 50,000 for EWS.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

नई दिल्ली, रविवार, 25 जनवरी 2026
हिन्दुस्तान

NAME OF NEWSPAPERS

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 25 जनवरी, 2026

## डीडीए पुस्तकालय में छात्र पंजीकरण करें

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के आरंभ पुस्तकालय में छात्र पंजीकरण कर सकते हैं। इसमें छात्रों को पुस्तकालय में शिफ्ट के अनुसार किताबों को पढ़ने और प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए अवसर मिलेगा। डीडीए वेबसाइट dda.gov.in में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## डीडीए के फ्लैटों की बुकिंग 28 से होगी

**नई दिल्ली, व.सं.।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने नागरिक आवास योजना 2026 के तहत 1712 फ्लैटों के पंजीकरण शनिवार से शुरू कर दिए हैं।

नरेला में 298 एचआईजी, 459 एमआईजी, 481 एलआईजी और 63 ईडब्ल्यूएस फ्लैट शामिल हैं, जबकि सिरसपुर में 411 एलआईजी फ्लैट उपलब्ध होंगे। सभी श्रेणियों के फ्लैटों पर 25 फीसदी छूट दी जाएगी। फ्लैट बुकिंग 28 जनवरी से डीडीए वेबसाइट पर शुरू होगी। प्रीमियम फ्लैट और गैरेज के लिए 582 ई-नीलामी 23 फरवरी से होगी।

## डीडीए ग्रीन एक्सपो 14 फरवरी से

**वि, नई दिल्ली:** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) बांसेरा पार्क में 14 व 15 फरवरी को प्रथम डीडीए ग्रीन एक्सपो आयोजित करेगा। इसमें प्रदर्शनी, परिचर्चा, ज्ञान का आदान प्रदान के साथ ही दीर्घकालीन, जलवायु अनुकूल शहरी विकास को गति देने के लिए सरकारी निकायों, शोध संस्थानों और निजी क्षेत्र के साथ रणनीतिक साझीदारी और सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------------ नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 26 जनवरी 2026

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, सोमवार, 26 जनवरी 2026

## फ्लैटों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 13 फरवरी

डीडीए प्रीमियम आवास योजना 2026 के तहत 582 फ्लैटों और गैरेज के लिए ऑनलाइन ई-नीलामी होगी। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत एचआईजी, एमआईजी, एलआईजी, जनता फ्लैट, ईडब्ल्यूएस और कार व स्कूटर गेराज के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 13 फरवरी है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- दैनिक जागरण नई दिल्ली, 26 जनवरी, 2026 ED----

# डीडीए की आवास योजना के लिए बुकिंग 28 से

राब्यू, जागरण • नई दिल्लीः डीडीए ने नागरिक आवास योजना 2026 के तहत 1712 फ्लैटों के लिए शनिवार से पंजीकरण शुरू कर दिए हैं। योजना में सभी श्रेणियों के फ्लैटों पर 25 फीसदी की भारी छूट दी जा रही है। हालांकि फ्लैटों की बुकिंग 28 जनवरी से शुरू होगी। नरेला और सिरसपुर में स्थित इन फ्लैटों के साथ ही प्रीमियम आवास योजना के तहत 582 फ्लैटों और गैरेज की ई-नीलामी होगी। पंजीकरण की अंतिम तिथि 13 फरवरी है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली मंगलवार, 27 जनवरी 2026 ----DATED----

# 14 और 15 फरवरी को बांसेरा में ग्रीन एक्सपो

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बांसेरा पार्क में 14 और 15 फरवरी को पहली बार ग्रीन एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। यह एक्सपो सस्टेनेबल अर्बन डिवेलपमेंट पर आधारित होगा। इस एक्सपो का आयोजन DDA द्वारा LG वी के सक्सेना की निगरानी में किया जा रहा है। एक्सपो की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। LG वीके सक्सेना यमुना बाढ़ क्षेत्र में असिता, बांसेरा, वासुदेव घाट और यमुना वाटिका जैसे कई ग्रीन स्पेस को रिपेयर करवा चुके हैं।

AI Image



**शहरों को जलवायु परिवर्तन के लिए तैयार करना मकसद**

DDA के अनुसार, 14 और 15 फरवरी को होने वाले इस एक्सपो में शहरीकरण के ग्रीन और प्रकृति आधारित हल पर फोकस किया जाएगा। DDA राजधानी की अर्बन प्लानिंग और विकास में क्लाइमेट को प्राथमिकता दे रहा है। इस एक्सपो के जरिए दुनिया भर की बेस्ट प्रेक्टिसिस को एक राष्ट्रीय मंच मिलेगा। इस एक्सपो में DDA पॉलिसी मेकर, लीडर और शहरी विकास से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहा है। इसका मकसद भारतीय शहरों को जलवायु परिवर्तन के हिसाब से तैयार करना है। दो दिन चलने वाले इस एक्सपो में एक्जीबिशन, लाइव डिमांस्ट्रेशन और एक्सपर्ट सेशन आयोजित किए जाएंगे। LG वीके सक्सेना के अनुसार, अब शहरों में पारंपरिक तरीके की जगह प्रकृति को ध्यान में रखकर विकास किए जाने की जरूरत है। DDA के वाइस चेयरमैन एन सरवाना ने कहा कि DDA आज की चुनौतियों को समझते हुए विकास को आगे बढ़ा रही है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- पंजाब केसरी DELHI
24 जनवरी, 2026 ▸ शनिवार

# डीडीए टावरिंग हाइट्स में फ्लैट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में अपना घर खरीदने का सपना देख रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। शुक्रवार को वसंत पंचमी के दिन दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की टावरिंग हाइट्स कड़कड़डूमा हाउसिंग स्कीम में फ्लैट खरीदने के लिए बुकिंग शुरू हो गई। इस आवासीय योजना के दूसरे चरण में टू बीएचके फ्लैट 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर उपलब्ध होंगे। इस स्कीम के तहत 741 फ्लैट्स आम लोगों के लिए रखे गए हैं। इस योजना में आम जनता के साथ सरकारी कर्मचारियों के लिए भी विशेष मौका है। योजना में 107 फ्लैट्स सरकारी संस्थानों के लिए उपलब्ध होंगे। लेकिन सरकारी संस्थान तभी फुलैट बुक कर सकते हैं, जब वे एक साथ 10 या उससे ज्यादा फ्लैट्स बुक करें। योजना के लिए पंजीकरण आठ जनवरी से शुरू हुआ था और इसका पंजीकरण शुल्क 2500 रुपये है, जबकि फ्लैट बुक करने के लिए चार लाख रुपये जमा करने होंगे। इस प्रोजेक्ट इस प्रोजेक्ट में टूबीएचके रेडी-टू-मूव फ्लैट्स उपलब्ध होंगे। यह दिल्ली का पहला हाउसिंग प्राजेक्ट है जो ट्रांजिट ओरिएंटिड डेवलपमेंट पॉलिसी के तहत बनाया जा रहा है।योजना का रजिस्ट्रेशन आठ जनवरी शुरू होकर मार्च के अंत तक चलेगा।



**दिल्ली में अपना घर खरीदने का सपना देख रहे लोगों के लिए खुशखबरी**

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- पंजाब केसरी DELHI 27 जनवरी, 2026 ▸ मंगलवार

# दिल्ली को हरित और जलवायु-अनुकूल शहर बनाने के लिए डीडीए की बड़ी पहल

**बांसेरा में 14 और 15 फरवरी को होगा दो दिवसीय डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 का आयोजन**

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अध्यक्ष एवं दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के नेतृत्व में डीडीए बड़ी पहल शुरू करने जा रहा है। दिल्ली को हरित और जलवायु-अनुकूल शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डीडीए पहला 'डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026' आयोजित करने जा रहा है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का एक्सपो 14 और 15 फरवरी को नई दिल्ली स्थित बांसेरा पार्क में आयोजित किया जाएगा। एक्सपो का मुख्य उद्देश्य सतत शहरी विकास, शहरी हरियाली और प्रकृति-आधारित समाधानों को बढ़ावा देना है। एलजी के नेतृत्व में हुए असिता, बांसेरा, वासुदेव घाट और यमुना वाटिका जैसे सार्वजनिक हरित स्थलों के विकास ने न केवल यमुना के बाढ़ क्षेत्र को पुनर्जीवित किया है, बल्कि दिल्लीवासियों को नदी के करीब लाने का भी कार्य किया है। इन्हीं प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए डीडीए ग्रीन एक्सपो का आयोजन कर रहा है। एलजी ने कहा कि आज शहरों को पारंपरिक विकास मॉडल से आगे बढ़कर स्थिरता, लचीलापन और नागरिकों की भलाई को विकास के केंद्र में रखना होगा। उन्होंने कहा कि राजधानी में ऐसे शहरी विकास की आवश्यकता है, जिसमें जलवायु को प्राथमिकता देने वाली सोच, हरित प्रौद्योगिकी का उपयोग, स्थानीय लैंडस्केपिंग, जल और अपशिष्ट प्रबंधन योजनाओं व प्रकृति-आधारित समाधानों को हर परियोजना का हिस्सा बनाया जाए। एलजी ने बताया कि डीडीए ग्रीन एक्सपो विभिन्न स्टेक होल्डर्स को एक मंच पर लाकर भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और अधिक अनुकूल शहरों के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को गति देगा। डीडीए उपाध्यक्ष एन. सरवण कुमार ने कहा कि ग्रीन एक्सपो 2026 यह दर्शाता है कि डीडीए शहरी विकास को लेकर आज किस प्रकार समाधान-आधारित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपना रहा है। उन्होंने बताया कि यह एक्सपो शहरी हरियाली, परिदृश्य बहाली और स्थायी बुनियादी ढांचे में नवाचारों को प्रदर्शित करने का मंच बनेगा।

N